बिहार सरकार
E-mail-adcpjamui@gmail.com

# समाज कल्याण विभाग
## समाहरणालय, जमुई
## जिला बाल संरक्षण इकाई

Mob-9122143614

पत्रांक 687/जि०बा०सं०इ०

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
जमुई।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
बिहार, पटना।

जमुई, दिनांक 12/08/2024

**विषयः–** **विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, जमुई में कर्मियों के नियोजन हेतु पेपर प्रकाशन के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **विभागीय पत्रांक–136, दिनांक–19.07.2024**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सादर संसूचित करना है कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, जमुई में आया, नर्स एवं डॉक्टर के नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशन राष्ट्रीय स्तर के दो प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाना है।

अतः उपरोक्त के संदर्भ में भवदीय से अनुरोध है कि उक्त नियोजन का विज्ञापन राष्ट्रीय स्तर के दो प्रमुख हिन्दी समाचार–पत्रों में प्रकाशन करने की कृपा की जाय।

**अनु०–प्रकाशन से संबंधित नियोजन विवरणी कुल 03 प्रति संलग्न।**

विश्वासभाजन

Sd/- 12/8/24
सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई,
जमुई।

## विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान (SAA), जमुई में संविदा के आधार पर अस्थायी नियोजन हेतु विज्ञापन

संयुक्त निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–136, दिनांक–19.07.2024 के निदेश के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, जमुई द्वारा मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत संचालित 0–6 वर्ष आयु वर्ग के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के आवासन हेतु संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान (SAA), जमुई में संविदा आधारित अस्थायी पदों के लिए विनिर्धारित योग्यता एवं मानदण्ड के अनुरूप निम्नलिखित पदों पर नियोजन हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

| Sl. No. | Name of the post | No.of post | Qualification & Experience | Desired competencies | Age | Salary Monthly |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Nurse | UR-01 | • Intermediate/Diploma in Nursing from a Government/Indian Nursing Council recognized Nursing Institute | • Preference would be given to candidates having experience of working with children with disabilities/mental disability/HIV+ children | Upto 45 years | 11916/- |
| 02 | Doctor (Part time) | UR-01 | • MBBS | • On referral | - | 9930/- |
| 03 | Ayah (Female) | UR-03 | • A person with Functional literacy | • Demonstrable attitude of love and affection for children in difficult circumstances. | 20-45 years | 7944/- |

1. इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र संलग्न विहित प्रपत्र में शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र/अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुए कार्यालय के **ई–मेल आई०डी०–adcpjamuisaa@gmail.com** के माध्यम से समर्पित कर सकते हैं। प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में आवेदन को प्रथम दृष्टया निरस्त कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र में, विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 08वें (आठवें) दिवस तक अपराहन 05.00 बजे तक ही कार्यालय के ई–मेल पर स्वीकार किये जाएँगे। निर्धारित तिथि एवं समयावधि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगे। साथ ही किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के कारण यदि किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र निर्धारित तिथि एवं समयावधि के पश्चात कार्यालय के ई–मेल पर प्राप्त होते है तो आवेदन निरस्तता की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी की होगी। उक्त नियोजन की सूचना **जमुई जिले के NIC वेबसाईट http://jamui.nic.in. पर भी देखी जा सकती है।**

   अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन प्राप्ति के अंतिम तिथि के पूर्व अपना अभ्यावेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेगें।
2. अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होंगे।
3. आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी जिनकी स्थायी निवास बिहार राज्य में हैं, अर्थात जो बिहार के मूल निवासी है। बिहार राज्य के बाहर के निवासी (अभ्यर्थी) को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन पत्र के इंगित कॉलम में आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन में भरा गया स्थायी पता (स्थायी निवास) ही आरक्षण प्रायोजन के लिए अनुमान्य होगा।
4. आयु की गणना 01.08.2024 के आधार पर की जाएगी।



Syk

5. अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता, कार्यानुभव एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया से संबंधित निर्णय समिति द्वारा होगा।

6. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति सत्यापन हेतु लाना अनिवार्य होगा। शैक्षणिक, अनुभव व अन्य प्रमाण पत्र आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि से पूर्व का होना होना आवश्यक है, अन्यथा अमान्य करार कर दिया जाएगा।

7. निर्धारित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु सूचना **जमुई जिले के NIC वेबसाईट** <u>http://jamui.nic.in</u>. पर दी जायेगी। किसी भी अभ्यर्थी से डाक द्वारा किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा। साक्षात्कार एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु किसी भी परिस्थिति में अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जायेगा। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है अद्यतन सूचना हेतु वे जिला के वेबसाईट का सतत् अवलोकन करते रहें।

8. प्रमाण पत्रों की जाँच, साक्षात्कार की तिथि एवं अन्य सूचना की जानकारी **जमुई जिले के NIC वेबसाईट** http://jamui.nic.in. से प्राप्त किया जा सकता है।

9. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन–पत्र में गलत तथ्य या प्रमाण पत्र देने पर उनका नियोजन कभी भी निरस्त किया जा सकता है। ये नियोजन पूर्णतः अस्थायी है। प्रतिकूल आचरण पाये जाने पर नियोजन कभी भी समाप्त किया जा सकता है।

10. सरकार द्वारा आदेश प्राप्त होने या अन्य किसी कारणों से अगर संस्थान का संचालन बंद किया जाता है, तो सभी कर्मियों का नियोजन स्वतः समाप्त हो जायेगा।

11. अस्थायी नियोजित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जाएगें और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदारमाने जाएगें। अस्थायी नियोजन के पश्चात सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।

12. चयन समिति आवश्यकतानुसार प्रक्रिया में यथोचित निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है।

13. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, जमुई के पास सुरक्षित रहेगा।

14. उक्त पदों के विरूद्ध पैनल/प्रतीक्षा सूची भी निर्धारित की जाएगी।

15. उक्त नियोजन माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर वाद संख्या–CWJC No.-16760/2023 (कुमार गौरव व अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य तथा संबद्ध सभी अन्य मामले में दिनांक–20.06.2024 को पारित आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में SLP NO.- 014086/2024, 014425/2024, 014096/2024, 014329/2024, 014079/2024, 014051/2024, 014132/2024, 014094/2024, 014081/2024, 014430/2024 में पारित आदेश के फलाफल से प्रभावित होगा।

Sd/- ...08/24.
सहायक निदेशक
जि० बा०सं० इ०, जमुई–सह–अध्यक्ष
नियोजन समिति।

विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, जमुई में संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन पत्र
विज्ञापन संख्या–01/2024

(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा– अनुक्रमांक .......................... आवेदन–पत्र प्राप्ति की तिथि ........................)

1. आवेदित पद का नाम : ..........................................................................

2. अभ्यर्थी का नाम : ..........................................................................

3. जन्म तिथि : ..........................................................................

4. माता का नाम : ..........................................................................

5. पिता/पति का नाम : ..........................................................................

6. आधार कार्ड नंबर : ..........................................................................

नवीनतम रंगीन सर्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो

7.. स्थायी आवास का पूरा पता (जिला के नाम के साथ) ..........................................................................

..........................................................................

8. पत्राचार का पता : ..........................................................................

3. श्रेणी

सामान्य ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

अनुसूचित जाति ☐ अनुसूचित जनजाति ☐ अति पिछड़ा वर्ग ☐

10. मोबाईल नम्बर : ..........................................

11. ई–मेल आईडी: ..........................................

12. शैक्षणिक विवरणी

| क्र० सं० | शिक्षा | विषय | उत्तीर्णता का वर्ष | प्राप्तांक | प्रतिशत | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैट्रिक | | | | | |
| 2 | इंटरमीडिएट | | | | | |
| 3 | स्नातक (प्रतिष्ठा का विषय) | | | | | |
| 4 | अन्य | | | | | |

14. कार्य अनुभवः–

| क्र० सं० | संस्थान का नाम | पदनाम | कार्य अवधि वर्ष/माह/दिन | कार्य विवरणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

15. संलग्न किये गये कागजातों की सूचीः–

(आवासीय, आधार, शैक्षणिक एवं अनुभव प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | | 2. | |
| 3. | | 4. | |
| 5. | | 6. | |
| 7. | | 8. | |
| 9. | | 10. | |

**घोषणाः**– उपरोक्त सभी सूचना मेरे जानकारी के आधार पर सत्य है। यदि भविष्य में कभी प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होता है तो इसके लिए मैं स्वयं जिम्मेवार रहूँगी एवं मेरे विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जा सकती है।

दिनांक :–

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर